Adda247
GET IT ON Google Play

# ASRB
# NET

## Previous Year Paper
### 2014 Paper-II

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247

GET IT ON Google Play

14080

# कृषि वैज्ञानिक चयन मण्डल

# AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD

अनुक्रमांक / Roll No......................

केन्द्र / Centre NAV BHARTI SR. : DELHI

माध्यम / Medium ....ENGLISH.....

हस्ताक्षर–पर्यवेक्षक / Signature o

## प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा–2014

## प्रश्न पत्र–II (विषयपरक)

## Administrative Officer Examination-2014

## PAPER-II

समय : 3 घंटे
पूर्णांक : 300

Time Allowed: 3 Hours
Max. Marks: 300

### अनुदेश/INSTRUCTIONS

1. आप इस प्रश्न पत्र की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ न हो। यदि ऐसा है, तो इसे बदल लें।
2. इस प्रश्न पत्र में 3 (तीन) अनुभाग है तथा प्रत्येक के 100 अंक है। प्रत्येक अनुभाग में प्रश्नों के उत्तर देने के बारे में निर्देश दिए गए है।
3. उत्तर केवल नीले या काले बॉल पेन/स्याही पेन से उसी माध्यम में दिए जाएं जो परीक्षार्थी को जारी प्रवेश प्रमाण–पत्र में दिया गया है।
4. प्रवेश प्रमाण पत्र और उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट अनुदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए।
5. परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर पुस्तिका ही अधीक्षक को सौंपें। आपको अपने साथ प्रश्न पत्र ले जाने की अनुमति है।
6. प्रत्येक अनुभाग के प्रश्नों का उत्तर कम्रवार में दें।

1. YOU SHOULD CHECK THAT THIS QUESTION PAPER DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES. IF SO, GET IT REPLACED.
2. This Paper contains 3(three) sections and each is of 100 (One hundred) marks. Each section contains instructions about questions to be attempted.
3. Answer must be written only with Blue or Black BALL PEN/INK PEN in the medium specified in the admission certificate issued to the candidate.
4. Instructions given in the admission certificate and answer sheet should be followed strictly.
5. After the examination is over, you should hand over to the Invigilator only the **Answer Sheet**. You are permitted to carry with you the Question Paper.
6. Each section is to be attempted in continuation.

[ कुल पृष्ठ संख्या / Total pages 6 ]

Adda247 Telegram Channel   Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

# अनुभाग– क

## अर्थशास्त्र, सामाजिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों के विकास का सामान्य ज्ञान

कोई पांच प्रश्न हल करें। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं। पूर्णांक : 100

प्र. 1. भारत की कृषि नीति क्या है ? कृषि क्षेत्र के निष्पादन के बारे में लिखिये।

प्र. 2. सूचना का अधिकार (आरटीआइ) अधिनियम 2005 से आप क्या समझते हैं और आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत सार्वजनिक प्राधिकारियों के क्या दायित्व हैं ? इस अधिनियम के अन्तर्गत क्या छूटें हैं ? इस अधिनियम के लागू होने से हमारा दिन प्रतिदिन का जीवन कैसे आसान हो गया है? कृपया चर्चा करें।

प्र. 3. हाल ही में बलात्कार की घटनाओं में हुई तीव्र वृद्धि से 'बाल अधिनियम' में संशोधन की मांग उठी है। ऐसे संशोधनों के हानि और लाभों का वर्णन कीजिये।

प्र. 4. मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों के बीच क्या भेद हैं ? भारतीय नागरिकों के मौलिक कर्त्तव्यों की क्या सीमा है ? कृपया चर्चा करें।

प्र. 5. क) हरित क्रान्ति, श्वेत क्रान्ति और नील क्रान्ति से आप क्या समझते हैं? प्रत्येक की संक्षेप में व्याख्या करें।

ख) परखनली शिशु, क्लोनीकरण और बीटी. फसलों से आप क्या समझते हैं ?

प्र. 6. 'मुद्रा स्फीति' का वर्णन करें । इसके क्या कारण हैं? खाद्य उत्पादन में उच्च वृद्धि के बावजूद भारत निरन्तर उच्च खाद्य स्फीति का क्यों सामना कर रहा है ? खाद्य स्फीति की उच्च दर को नियंत्रित करने के लिये क्या उपाय अपनाये जाने चाहिये ?

प्र. 7. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिये :

क) 20वीं सदी में विज्ञान के चार सबसे महत्वपूर्ण चमत्कार

ख) आनुवंशिक स्तर पर रूपान्तरित फसलें और उनकी संभावनाएं

ग) प्रत्यक्ष कर

घ) पर्यावरणीय प्रदूषण

ड.) क्या सिनेमा सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन ला रहा है?

च) संसद के संदर्भ में तारांकित व अतारांकित प्रश्न

छ) जलवायु से संबंधित एल निनो और ला निनो संकल्पनाएं

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

## अनुभाग – ख
## (अंकगणितीय क्षमता)

कोई पांच प्रश्न हल करें । प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। पूर्णांक : 100

प्र. 1. क) किन्हीं तीन अनवरत विषम पूर्णांकों के प्रथम और तृतीय का योग दूसरे पूर्णांकों के तीन गुने से 131 कम है। तीन पूर्णांक बताइये। (5 अंक)

ख) 50% एल्कोहॉल घोल की 40 लीटर मात्रा में कितने लीटर 20% एल्कोहॉल घोल मिलाया जाना चाहिये कि वह 30% का घोल बन जाये? (5 अंक)

ग) किसी वृत्त की परिधि $72\pi$ के बराबर है। उस वृत्त का अर्धव्यास बताइये। (5 अंक)

घ) कोई वायुयान 240 कि.मी./घण्टे की गति से उड़ते हुए 5 घण्टे में कोई दूरी तय करता है तो वही दूरी $1\frac{2}{3}$ घण्टे में तय करने के लिये उसे किस गति से उड़ना चाहिये। (5 अंक)

प्र.2. स्थिर जल में यदि किसी नाव की गति 10 कि.मी./घण्टा है और कोई व्यक्ति समान समय में धारा की दिशा में व धारा की विपरीत दिशा में क्रमशः 78 कि.मी. और 42 कि.मी. यात्रा कर सकता है । यदि स्थिर जल में नाव की गति 20% बढ़ा दी जाये तो धारा की विपरीत दिशा में 78 कि.मी. की दूरी तय करने में उसे कितना समय लगेगा ?

प्र.3. 4 कि.मी. अर्धव्यास वाले किसी वृत्ताकार क्षेत्र में नियमित छह पार्श्व वाला चतुर्भुज बनाया गया है। यह निर्णय लिया गया कि उस क्षेत्र में घास रोपने के लिये चतुर्भुज को नहीं शामिल किया जायेगा । यदि घास रोपाई की लागत 100/–रूपये प्रति वर्ग मी. है तो उस क्षेत्र में घास रोपाई की लागत का पता लगाइये।

प्र.4. किसी दूधिये की बाल्टी में 35 लीटर दूध है जिसमें 25% जल अंश है। दूधिये को अपना दूध बेचने में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है इसलिये वह उसमें 10 लीटर 15% जल युक्त दुध मिलाने का निर्णय लेता है। उसे फिर उसी समस्या का सामना करना पड़ता है और वह मिश्रित दूध में जल के प्रतिशत को कम करने के लिये उसमें 12 लीटर 100% दूध मिलाने का निर्णय लेता है। अब उसके इस मिश्रण में कितने प्रतिशत जल होगा?

प्र.5. क, ख और ग 3 : 4 : 5 के अनुपात में पूंजी लगाते हुए साझीदारी में व्यापार आरंभ करते हैं। 3 महीने बाद क अपनी 1/3 पूंजी निकाल लेता है और ख अपनी पूंजी 1/4 बढ़ा देता है। 10 महीने के बाद 7650/–रू. का लाभ होता है तो इस लाभ में ग का हिस्सा कितना होगा?

प्र.6. किसी 2 सें.मी. के आन्तरिक व्यास वाले बेलनाकार पाइप से होकर 0.4 मी./से. की दर से जल 40 सें.मी. अर्धव्यास के आधार वाली बेलनाकार टंकी में गिर रहा है तो आधे घण्टे बाद टंकी में जल का तल कितना ऊपर उठेगा ?

प्र.7. किसी धनराशि पर 5% वार्षिक दर पर 2 वर्षों के लिये साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज की वार्षिक चक्रवृद्धि का अन्तर 15 रू. है। यह धनराशि वहां लगाई गई थी जहां चक्रवृद्धि ब्याज की गणना अर्ध वार्षिक आधार पर की जाती है तो दो वर्षों में अधिकतम और न्यूनतम ब्याज के बीच अन्तर बताइये।

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247

GET IT ON Google Play

## अनुभाग – ग

## निबंध

पूर्णांक : 100
(50 + 50)

नीचे दिए गये विषयों में से किन्ही दो पर निबन्ध लिखिये। विषय के पक्ष व विपक्ष में अपने तर्क देते हुए अन्त में अपने विचारों को सारांश में प्रस्तुत कीजिये।

1. सन् 1947 से भारतीय कृषि का विकास
2. फार्म उत्पाद उगाने के लिये नाशकजीवनाशियों और अन्य घातक रसायनों का अंधाधुन्ध उपयोग तथा गांवों में लोगों के जीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव एक गंभीर मुद्दा है
3. भारतीय अर्थव्यवस्था में काले धन की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटा जाना चाहिये
4. जुलाई, 2014 में ब्राज़ील में आयोजित छठें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को अपार सफलता मिली। एक नये विकास बैंक का उद्‌घाटन हुआ और भारत को इस बैंक का प्रथम अध्यक्ष चुना गया। इस ऐतिहासिक विकास से अत्यधिक लाभ प्राप्त होंगे।
5. निर्धनता दूर करने और निर्धनों के उत्थान के लिये केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रम
6. भारत सरकार की संसदीय प्रणाली
7. भारत में महिला सशक्तिकरण

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram